RNI NO. : 52419/91

# चाणक्य भूमि

हिन्दी दैनिक

• वर्ष : 32 • अंक : 104 • 26:04:2024 • शुक्रवार • मूल्य : 5/-

## पहले अयोध्या में रामलला के दर्शन, फिर करेंगे नामांकन

**● हो गई तैयारी! अमेठी-रायबरेली से पहले अयोध्या जा सकते हैं राहुल-प्रियंका**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** अमेठी और रायबरेली में रैलियां करने से पहले कांग्रेस नेता राहुल गांधी और प्रियंका गांधी अयोध्या जाकर रामलला के दर्शन कर सकते हैं। राहुल गांधी फिलहाल केरल की वायनाड सीट से कांग्रेस के लोकसभा उम्मीदवार हैं। वायनाड लोकसभा सीट पर दूसरे चरण में यानी 26 अप्रैल को चुनाव होगा। वायनाड से मौजूदा कांग्रेस सांसद राहुल गांधी का मुकाबला भारतीय कम्युनिस्ट पार्टी (सीपीआई) की नेता एनी राजा से है। वायनाड सीट पर मुकाबला खत्म होने के साथ, अब सभी की निगाहें उत्तर प्रदेश के रायबरेली और अमेठी पर होंगी। इंडिया टुडे ने सूत्रों के हवाले से लिखा है कि प्रियंका गांधी वाड्रा और राहुल गांधी के अमेठी और रायबरेली जाने से पहले अयोध्या जाने और राम मंदिर में प्रार्थना करने की संभावना है। बता दें कि कांग्रेस ने अभी तक अपने पुराने 'गढ़' अमेठी और रायबरेली के लिए उम्मीदवारों की घोषणा नहीं की है। ऐसे में कांग्रेस सूत्रों का कहना है कि इस बात की प्रबल संभावना है कि राहुल गांधी और प्रियंका गांधी वाड्रा इन निर्वाचन क्षेत्रों से चुनाव लड़ सकते हैं। अमेठी और रायबरेली निर्वाचन क्षेत्रों के लिए नामांकन प्रक्रिया एक ही दिन, 26 अप्रैल से शुरू होने वाली है। रिपोर्ट के मुताबिक, इस मोर्चे पर कोई भी औपचारिक घोषणा 30 अप्रैल से पहले नहीं हो सकती है, लेकिन पार्टी हलकों में अटकलें तेज हैं। ऐसे में नामांकन से पहले प्रियंका और राहुल अयोध्या जा सकते हैं जिसके बाद दोनों भाई-बहन बैक-टू-बैक नामांकन दाखिल कर सकते हैं। 3 मई नामांकन का आखिरी दिन है। कांग्रेस के एक वरिष्ठ नेता ने संकेत दिया कि अगर दोनों नेता चुनाव लड़ने का फैसला करते हैं तो बैक-टू-बैक नामांकन किया जाएगा। सूत्रों ने संकेत दिया है कि अमेठी और रायबरेली से नामांकन दाखिल करने से पहले राम लला से आशीर्वाद लेने के लिए प्रियंका और राहुल गांधी अयोध्या की संभावित यात्रा कर सकते हैं। हालांकि, इस घटनाक्रम की कोई आधिकारिक पुष्टि नहीं हुई है। ज्ञात हो कि इसी साल 22 जनवरी को अयोध्या में राम मंदिर प्राण प्रतिष्ठा समारोह के लिए कांग्रेस के नेताओं को आमंत्रित किया गया था। हालांकि कांग्रेस का कोई बड़ा नेता इसमें शामिल नहीं हुआ था। भाजपा प्राण प्रतिष्ठा का निमंत्रण ठुकराने के लिए कांग्रेस पर खूब हमलावर रही।

### महाराष्ट्र के नीलकृष्ण बने ऑल इंडिया टॉपर

## आईआईटी-जेईई मेन्स के नतीजे जारी

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** नेशनल टेस्टिंग एजेंसी (एनटीए) ने 24 अप्रैल की देर रात तकरीबन 11 बजकर 30 मिनट पर जेईई मेन्स 2024 सेशन 2 का रिजल्ट जारी कर दिया। वे उम्मीदवार जिन्होंने इंजीनियरिंग कोर्स में एडमिशन के लिए जॉइंट एंट्रेंस टेस्ट मेन्स सेशन-2 दिया था ऑफिशियल वेबसाइट पर अपना स्कोर कार्ड देख सकते हैं। महाराष्ट्र के नीलकृष्ण ने ऑल इंडिया टॉप किया है। वे दो साल से कोटा में तैयारी कर रहे थे। वहीं, महाराष्ट्र के दक्षेस संजय मिश्रा ने दूसरी और हरियाणा के आरव भट्ट ने तीसरी रैंक हासिल की है। इसके अलावा, 100 परसेंटाइल पाने वाले छात्रों में 6 ईडब्ल्यूएस श्रेणी से हैं, जिनमें 4 तेलंगाना व 2 आंध्र प्रदेश के हैं। इस बार अब तक का रिकॉर्ड तोड़ते हुए सबसे ज्यादा 56 स्टूडेंट्स ने 100 परसेंटाइल हासिल किया। इनमें कर्नाटक की सानवी जैन और दिल्ली की शायना सिन्हा, दो लड़कियां भी शामिल हैं। पिछली बार 43 स्टूडेंट्स ने 100 परसेंटाइल हासिल किया था। तब सिर्फ एक छात्रा को 100 परसेंटाइल मिला था। राज्यवार 100 परसेंटाइल में सबसे अधिक तेलंगाना के 15, आंध्र व महाराष्ट्र के 7-7, दिल्ली से 6, राजस्थान से 5, कर्नाटक से 3, तमिलनाडु, गुजरात, हरियाणा से 2-2, यूपी व बिहार से 1-1 छात्र शामिल हैं।



## जेल जाने से बचने के लिए केरल सीएम ने किया सरेंडर

**● भाजपा से कर लिया समझौता, राहुल के बाद प्रियंका भी भड़कीं**

**तिरुअनंतपुरम (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 के लिए दूसरे चरण का प्रचार शोर जब थम चुका है और 26 अप्रैल को केरल के वायनाड समेत 88 सीटों पर वोटिंग की जानी है। इंडिया गठबंधन में दोस्ती की गांठ एक बार फिर ढीली नजर आ रही है। राहुल गांधी के बाद प्रियंका गांधी भी केरल सीएम पिनाराई विजयन पर भड़की हुई हैं। सीपीआई-एम समर्थक निर्दलीय विधायक ने राहुल गांधी के डीएनए टेस्ट कराने की मांग की थी। जवाब में प्रियंका ने दावा किया कि केरल के सीएम जेल जाने से बचने के लिए भाजपा के साथ समझौता कर चुके हैं। उन्होंने अपने भाई और वायनाड से कांग्रेस प्रत्याशी राहुल गांधी के उस बयान का भी समर्थन किया कि तमाम घोटालों में नाम सामने आने के बाद भी नरेंद्र मोदी सरकार विजयन के खिलाफ ऐक्शन नहीं ले रही है। प्रियंका गांधी ने विजयन पर तीखा हमला बोला।



## कांग्रेस के शहजादे को देश के पीएम को भला-बुरा कहने में मजा आता है

**एमपी के मुरैना में प्रधानमंत्री बोले-मोदी 56 इंच का सीना तानकर खड़ा है**




**मुरैना (एजेंसी)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी लगातार दूसरे दिन गुरुवार को भी मध्यप्रदेश आए। मोदी ने मुरैना के पुलिस परेड ग्राउंड में भाजपा के लोकसभा प्रत्याशी शिवमंगल सिंह तोमर के समर्थन में सभा की। पीएम ने कहा- कांग्रेस के शहजादे को देश के प्रधानमंत्री को भला-बुरा कहने में मजा आता है। मैं टीवी और सोशल मीडिया पर देख रहा हूं कि इससे लोग दुखी हो रहे हैं। मैं कहता हूं, दुखी न हों क्योंकि नामदार तो कामदार को हमेशा गोली-गलौज करते आए हैं। पीएम ने कहा- देश कह रहा है, कांग्रेस की लूट, जिंदगी के साथ भी और जिंदगी के बाद भी। आपके हितों की रक्षा के लिए ये मोदी दीवार बनकर खड़ा है। ये गाली-गलौज इसलिए हो रहा है क्योंकि मोदी 56 इंच का सीना तानकर खड़ा हो गया है। इनके मंसूबे सफल नहीं होंगे ये मोदी की गारंटी है। पीएम ने कहा- कांग्रेस पार्टी विकास विरोधी समस्या है। मुरैना के लोग जानते हैं समस्या से एक बार पीछा छूट जाए तो उसे दूर ही रहना चाहिए। मोदी ने कहा जवानों को हमने खुली छूट दी है। हमने कहा एक गोली चलती है तो 10 गोली चलनी चाहिए। एक गोला चलता है तो 10 तोपें चलनीं चाहिए।

## अरुणाचल में भारी बारिश से भूस्खलन में बहा हाईवे

**● चीनी सीमा से सटे जिले से टूटा संपर्क, एजेंसियां हुईं ऐक्टिव**

**ईटानगर (एजेंसी)।** अरुणाचल प्रदेश के दिबांग जिले को शेष भारत से जोड़ने वाले नेशनल हाईवे 33 का हिस्सा बह गया है। बीते कई दिनों से लगातार चल रही बारिश से हुए भूस्खलन के चलते हाईवे का यह हिस्स कट कर बह गया। दिबांग घाटी चीन से सटा हुआ इलाका है और रणनीतिक लिहाज से बेहद अहम है। अथॉरिटीज का कहना है कि हाईवे का हिस्सा कट जाने से बड़ा नुकसान हुआ है और इससे आवाजाही ठप हो गई है। फिलहाल नेशनल हाईवेज एंड इन्फ्रास्ट्रक्चर डिवेलपमेंट कॉरपोरेशन लिमिटेड ने टीम को भेजा है ताकि राजमार्ग की तुरंत रिपेयरिंग की जा सके। अधिकारियों ने कहा कि मौके पर सभी जरूरी चीजें भेजी गई हैं। मौके पर खाने के सामान समेत तमाम चीजों की आपूर्ति हो रही है और किसी चीज की कमी नहीं है। दरअसल इस हाईवे का कट जाना इसलिए चिंताजनक है क्योंकि यह जिले के लोगों और सेना के लिए लाइफलाइन है। चीन से लगती सीमा तक पहुंचने के लिए सेना भी इसी हाईवे का इस्तेमाल करती है। राज्य सरकार ने हाईवे को नुकसान पहुंचने के बाद ट्रैवल एडवाइजरी जारी की है और अगले तीन दिनों तक यहां से न गुजरने की सलाह दी है। अथॉरिटीज का कहना है कि हाईवे की रिपेयरिंग में कुछ दिन लगेंगे।



## अखिलेश ने कन्नौज से चौथी बार दाखिल किया नामांकन

**● सुब्रत पाठक से होगी टक्कर**



**कन्नौज (एजेंसी)।** उत्तर प्रदेश की कन्नौज लोकसभा सीट पर समाजवादी पार्टी अध्यक्ष और यूपी विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष अखिलेश यादव ने पर्चा दाखिल किया। लोकसभा चुनाव को लेकर पहले अखिलेश यादव के चुनावी मैदान में न उतरने की घोषणा की गई थी। हालांकि, बाद में कार्यकर्ताओं के दबाव के कारण उन्हें अपने निर्णय को बदलना पड़ा। वे चुनावी मैदान में उतर रहे हैं। उनकी भारतीय जनता पार्टी के उम्मीदवार सुब्रत पाठक से टक्कर होगी। सुब्रत पाठक ने भी गुरुवार को लोकसभा चुनाव को लेकर नामांकन दाखिल किया। इस प्रकार अखिलेश यादव ने कन्नौज लोकसभा सीट से चौथी बार चुनावी मैदान में कदम रखा है। अखिलेश यादव ने नामांकन दाखिल करने के बाद लोगों का समर्थन मिलने का दावा किया। नामांकन दाखिल करने के बाद उन्होंने कहा कि मैं अभी नामांकन करके आ रहा हूं।

## मुश्किल जिंदगी! डर के साए में बीत रहे लोगों के दिन

**संदेशखाली संकट: टीएमसी के गुंडों और बंगाल पुलिस के डर से छिपते फिर रहे हैं संदेशखाली के लोग, नरक हुई परिवारों की जिंदगी**



**कोलकाता (एजेंसी)।** संदेशखाली में पिछले दो महीनों से साधन मैती की रात समान होती है। जैसे ही सूरज रात के आसमान में डूबता है, 52 वर्षीय साधन मैती नटुनपारा में अपनी झोपड़ी से बाहर निकलते हैं। पीछे से उनकी अपनी पत्नी, बहू और दो पोते-पोतियां उन्हें हाथ हिलाकर अलविदा कहते हैं। वह खड़े होकर साधन को देखते हैं और कुछ ही देर में साधन का दुबला-पतला शरीर अंधेरे में गायब हो जाता है। सुबह सूरज की पहली किरण के साथ ही वह वापस अपने घर आ जाते हैं। परिवार के सारे लोग एक साथ घर से कहीं नहीं निकलते। साधन के जाने के बाद उनकी पत्नी घर के सारे खिड़की दरवाजे अच्छे से बंद करती हैं और पति के सुबह लौटने का इंतजार करती हैं। ऐसा हर रोज इसलिए होता है कि उन्हें डर है कि कहीं रात को उनके घर पुलिस, टीएमसी या फिर शेख शाहजहां के गुर्गे आकर उनके घर के पुरुष को पकड़कर न ले जाएं। यह रणनीति डर को लेकर है। परिवार को डर रहता है कि उनके घर पर कोई कभी भी हमला कर सकता है, इसलिए हर समय घर पर लोगों का रहना जरूरी है। घर के पुरुष साधन सुरक्षित रहें इसलिए वह हर रात खेतों में शरण लेते हैं। वह इस उम्मीद में खेतों में रात गुजारते हैं कि अंधेरे में उसका पता लगाना ज़्यादा मुश्किल होगा। रिपोर्ट के मुताबिक मैती अकेले नहीं हैं। साल की शुरुआत से ही कोलकाता से 80 किलोमीटर दक्षिण-पूर्व में स्थित संदेशखली द्वीप और सुंदरबन डेल्टा हिंसा की चपेट में है। 5 जनवरी को, प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के अधिकारी राशन वितरण घोटाले के सिलसिले में, स्थानीय तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) नेता शेख शाहजहां के घर की तलाशी लेने के लिए गांव पहुंचे थे। संदेशखाली द्वीप पर शेख शाहजहां का लगभग एक दशक से दबदबा है। 45 वर्षीय शेख शाहजहां को संदेशखली के लोग भाई कहते हैं। अधिकारियों पर गुस्साई भीड़ ने हिंसक हमला किया। मौजूद अफसरों को पीटा गया, वाहनों को तोड़फोड़ कर आग लगा दी गई। घटना के बाद शाहजहां भाग गया। 55 दिनों के विरोध प्रदर्शन और हाई कोर्ट की फटकार के बाद उसे गिरफ्तार कर लिया गया।

**एक महीने बाद फिर भड़का विवाद-** हमले के एक महीने बाद, संदेशखली में फिर से उबाल आया, लेकिन एक अलग वजह से। स्थानीय महिलाओं के नेतृत्व में स्थानीय लोगों के समूह सड़कों पर उतर आए। उनका आरोप था कि शाहजहां और उनके गुर्गों शिबाप्रसाद हाजरा और उत्तम सरदार ने उनके साथ गलत किया। स्थानीय टीएमसी नेताओं के साथ मिलकर महिलाओं और लड़कियों का यौन शोषण किया गया। उनकी जमीनें हड़प ली गईं।

## पीएम मोदी और राहुल की 'स्पीच' पर ऐक्शन में ईसी

**भाजपा-कांग्रेस अध्यक्ष को भेजा नोटिस, 29 अप्रैल तक मांगा जवाब**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव के दौरान पीएम नरेंद्र मोदी के कथित सांप्रदायिक भाषण पर निर्वाचन आयोग ने संज्ञान लिया है। चुनाव आयोग ने इस मामले में भाजपा को नोटिस जारी किया है। आयोग ने इस केस में पार्टी अध्यक्ष जेपी नड्डा से जवाब तलब किया है। उन्हें 29 अप्रैल को सुबह 11 बजे तक जवाब देना होगा। पीएम नरेंद्र मोदी के अलावा आयोग ने राहुल गांधी के भी एक बयान पर जवाब मांगा है। राहुल गांधी के बयान पर पार्टी के अध्यक्ष मल्लिकार्जुन खरगे को जवाब देना होगा। बता दें कि भाजपा ने राहुल गांधी के बयान के खिलाफ और कांग्रेस ने पीएम नरेंद्र मोदी की शिकायत चुनाव आयोग से की थी। निर्वाचन आयोग ने इस मामले में जनप्रतिनिधित्व कानून के सेक्शन 77 का इस्तेमाल करते हुए स्टार प्रचारकों के विवादित बयानों के लिए पार्टी अध्यक्षों को जिम्मेदार ठहराया है। इसी के तहत पहला कदम उठाते हुए आयोग ने अध्यक्षों के नाम पर नोटिस जारी किया है और 29 अप्रैल को सुबह 11 बजे तक जवाब दाखिल करने को कहा है। इसके साथ ही चुनाव आयोग ने नसीहत देते हुए कहा कि यह राजनीतिक दलों की जिम्मेदारी है कि वे अपने उम्मीदवारों और स्टार प्रचारकों संयमित भाषा के इस्तेमाल को कहें। उच्च पदों पर बैठे लोगों के भाषणों का बहुत असर होता है।

## दूसरे चरण में 13 राज्यों की 88 सीटों पर वोटिंग आज

**● 2019 में भाजपा 50, कांग्रेस 21 और एनडीए के सहयोगी दलों ने 8 सीटें जीती थीं**

**नई दिल्ली (एजेंसी)।** 2024 लोकसभा चुनाव के सेकेंड फेज में शुक्रवार को 12 राज्यों और एक केंद्र शासित प्रदेश की 88 सीटों पर वोटिंग होगी। पहले इस फेज में 89 सीटों पर वोटिंग होनी थी, लेकिन मध्य प्रदेश की बैतूल सीट पर बसपा प्रत्याशी के निधन के बाद इस सीट पर अब 7 मई को चुनाव होंगे। 2019 में इन सीटों पर सबसे ज्यादा भाजपा को 50 और एनडीए के सहयोगी दलों ने 8 सीटें जीती थीं। कांग्रेस के खाते में 21 सीटें गईं थीं। अन्य को 9 सीटें मिली थीं। चुनाव आयोग के मुताबिक, इलेक्शन के दूसरे फेज में 1,198 कैंडीडेट्स मैदान में हैं। इनमें 1,097 पुरुष और 100 महिला उम्मीदवार हैं। एक प्रत्याशी थर्ड जेंडर है। एसोसिएशन फॉर डेमोक्रेटिक रिफॉर्म ने 1,192 उम्मीदवारों के हलफनामे में दी गई जानकारी पर एक रिपोर्ट तैयार की। इनमें से 21 फीसदी यानी 250 उम्मीदवार पर क्रिमिनल केस दर्ज हैं। 390 यानी 33 फीसदी उम्मीदवार करोड़पति हैं। इनके पास एक करोड़ या उससे ज्यादा की संपत्ति है। 6 उम्मीदवारों ने अपनी संपत्ति शून्य बताई है, जबकि तीन के पास 500 से 1,000 रुपए की संपत्ति है।

## ईवीएम में मोदी का तो फोटो ही नहीं, मैं वोट ही नहीं दूंगी

**19 अप्रैल को पहले फेज की वोटिंग के दौरान राजस्थान में अड़ी बुजुर्ग महिला**

**● भावुक हो गए पीएम, एक्स पर शेयर की घटना, पार्टी कार्यकर्ता को दी नसीहत**



**नई दिल्ली (एजेंसी)।** लोकसभा चुनाव 2024 को लेकर दूसरे चरण का मतदान 26 अप्रैल को होना है। दूसरे फेज में 88 लोकसभा सीटों के लिए 1206 उम्मीदवार चुनावी मैदान में हैं। इससे पहले 19 अप्रैल को डाले गए पहले चरण के मतदान में 21 राज्यों व केंद्र शासित प्रदेशों की 102 सीट पर लगभग 65.5 प्रतिशत वोटिंग हुई थी। कहीं बड़े पैमाने पर मतदान हुआ तो कहीं वोटर्स मतदान के लिए घर से बाहर नहीं निकले। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 19 अप्रैल को हुई वोटिंग दौरान की एक रोचक घटना शेयर की है। मामला यूं है कि एक ग्रामीण महिला जब वोट देने बूथ पहुंची तो ईवीएम मशीन में मोदी की फोटो न पाकर हैरान रह गई। उसने बूथ अधिकारियों से साफ-साफ कह दिया कि वह तो मोदी को ही वोट देगी। पीएम मोदी ने किस्सा तो बताया ही साथ ही पार्टी कार्यकर्ता को नसीहत भी दे दी। घटना राजस्थान के सीकर के पिपरानी गांव में एक पोलिंग बूथ की बताई जा रही है।

**संक्षिप्त समाचार**

## टोल कर्मी को पिस्टल दिखाने के मामले में एफआईआर दर्ज

**मुजफ्फरपुर, एजेंसी।** मुजफ्फरपुर में टोल टैक्स कर्मी को पिस्टल सटा कर धमकी देने की मामले में पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर मामले की जांच शुरू कर दी है। इस दौरान सीसीटीवी फुटेज के अधार पर कार सवार व्यक्ति की पहचान की जा रही है। जांच में पता चला है की फास्ट टैग के माध्यम से टॉल भुगतान हुआ है, जिसके जरिए पुलिस बदमाश की पहचान कर गिरफ्तारी के लिए छापेमारी करने में जुट गई है। पुलिस ने बताया की प्रारंभिक जांच में मामला सत्य पाया गया है। उसके अनुसार हमलोग करवाई कर रहे है। जल्दी ही आरोपी की गिरफ्तार किया जाएगा। दरअसल, मुजफ्फरपुर में 23 अप्रैल को टोल प्लाजा पर कार सवार बदमाशों ने टोल टैक्स मांगने पर टोल कर्मी को पिस्टल सटाकर जान से मारने की धमकी देकर मौके से फरार हो गया। इसके बाद टोल प्लाजा कर्मियो में दहशत का माहौल हो गया पूरे मामले को सीसीटीवी वीडियो के साथ टोल कर्मी ने पुलिस को लिखित शिकायत दर्ज करवाया, जिसमे टोल प्लाजा के प्रबंधक ओम प्रताप सिंह ने टोल प्लाजा पर एक हुंडई कार सवार व्यक्ति को ड्यूटी में तैनात टोल कर्मी नीरज कुमार गुप्ता द्वारा टोल भुगतान करने को कहा गया, जवाब में गाड़ी में सवार व्यक्ति द्वारा टोल का भुगतान नहीं करने की बात कहते हुए टोल कर्मी के साथ गाली-गलौज करने लगा और कमर से पिस्टल निकालकर टोल कर्मी के सीने में सटाते हुए जान से मारने की धमकी देकर फास्टैग द्वारा टोल भुगतान किया फिर चला गया।

## दो अलग-अलग जगहों से दो अपराधी गिरफ्तारःछापेमारी में पिस्टल-कट्टा और कारतूस बरामद

**अररिया, एजेंसी।** अररिया पुलिस ने भरगामा थाना क्षेत्र के अलग-अलग जगह से अवैध हथियार व जिंदा कारतूस के साथ दो अपराधियों को गिरफ्तार किया है। फारबिसगंज डीएसपी मुकेश कुमार साहा के नेतृत्व में भरगामा पुलिस ने मौजहा गांव में छापेमारी कर एक पिस्टल और 16 कारतूस, एक मोबाइल बरामद करते हुए रवि भूषण यादव को गिरफ्तार किया है। जबकि दूसरी तरफ फरार अपराधी को भरगामा थाना पुलिस ने अकरथापा से एक लोडेड कट्टा व 2 कारतूस के साथ गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार अपराधी अकरथापा निवासी मो. सद्दाम है। अररिया एसपी कार्यालय से बुधवार देर रात 10ः30 बजे मामले की जानकारी दी गई। फारबिसगंज डीएसपी मुकेश कुमार साहा के नेतृत्व में भरगामा पुलिस ने मौजहा गांव में छापेमारी की। यूएसए निर्मित एक पिस्टल व 16 पीस कारतूस, एक मोबाइल बरामद किया। मो. सद्दाम के साथ बैठा एक और आरोपी पुलिस को देखकर भाग गया। गिरफ्तार अभियुक्तों का पुराना इतिहास रहा है। थानाध्यक्ष मनीष कुमार ने बताया कि गिरफ्तार अभियुक्त अपने घर के आगे मचान पर बैठा था। पुलिस को देखते ही भागने लगा जिसे खदेड़कर पकड़ा गया। अभियुक्त पुलिस के साथ हाथापाई करने लगा।

## चार मई से होगी मैट्रिक कंपार्टमेंटल परीक्षा, एग्जाम के लिए बने 6 केंद्र

**सीतामढ़ी, एजेंसी।** सीतामढ़ी जिले में बिहार विद्यालय परीक्षा समिति की संचालित होने वाली मैट्रिक की कंपार्टमेंटल सह विशेष परीक्षा 2024 की तैयारी शुरू हो गई है। 4 मई से परीक्षा होगी। इसको लेकर जिला प्रशासन के अनुशंसा पर बोर्ड ने कुल 6 केन्द्र बनाए हैं। इन केन्द्रों पर जिले से करीब 1518 परीक्षार्थी शामिल होंगे। परीक्षा केंद्रों में नगर स्थित नगरपालिका मिडिल स्कूल भवदेपुर, माड़वाड़ी मिडिल स्कूल सीतामढ़ी, ओरियंटल मिडिल स्कूल, मिडिल स्कूल सिमरा, मिडिल स्कूल मुरादपुर डुमरा, मिडिल स्कूल रामपुर परोड़ी को परीक्षा केन्द्र बनाया गया है। इन केन्द्रों के लिए केन्द्राधीक्षक नियुक्त करने का प्रस्ताव बोर्ड को भेजा जा चुका है। डीईओ प्रमोद कुमार साहु ने संबंधित केन्द्रों का मुआयना कर परीक्षार्थियों की संख्या के अनुरूप परीक्षा संचालन की आवश्यक तैयारी शुरू करने का निर्देश दिया है। डीईओ के अनुसार प्रथम पाली की परीक्षा सुबह 9ः30 बजे से 12ः45 बजे तक और द्वितीय पाली की परीक्षा दो बजे से 5ः15 बजे तक संचालित होगी। प्रत्येक पाली में परीक्षार्थियों को प्रश्न पत्र को पढ़ने-समझने के लिए 15 मिनट का अतिरिक्त समय दिया जाएगा। दृष्टिबाधित परीक्षार्थियों के लिए पूर्व की तरह गणित के स्थान पर गृह विज्ञान और विज्ञान के स्थान पर संगीत विषय की परीक्षा पुराने पाठ्यक्रम के आधार पर पूर्ववत ली जाएगी।

# पटना के फेमस होटल में भीषण आग, दो लोगों की मौत की खबर व कई झुलसे





**पटना, एजेंसी।** पटना के फ्रेजर रोड स्थित होटल और दो दुकानों में भीषण आग लग गई है। इससे इलाके में अफरा-तफरी मची हुई है। मौके पर कोतवाली थाने की पुलिस पहुंची हुई है। बिल्डिंग में होटल के साथ दुकानें भी है।

होटल से बचाव कर्मियों ने दस लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला। कई लोग झुलसे हैं, जिनकी पहचान नहीं हो सकी है। बचाव राहत कार्य जारी है। झुलसे लोगों को अस्पताल भेजा जा रहा है। चार महिलाओं की हालत गंभीर है। दो हाइड्रोलिक प्लेटफार्म और दमकल की 20 गाड़िया मौके पर मौजूद है।

इनके अलावा, फायर विभाग के अधिकारी, दमकल और कई थाने की पुलिस मौके पर है। इस हादसे में दो लोगों की मौत हो गई है। पीएमसीएच के बर्न विभाग में दो मरीज आए हैं दोनों की स्थिति गंभीर बताई जा रही है। इस भयावह दुर्घटना में पाल होटल और उसके बगल का होटल पूरी तरह जल चुका है।

अब दमकलकर्मी होटल के अंदर दाखिल होने का प्रयास कर रहे हैं। कुछ फायर मैन हाइड्रोलिक प्लेटफार्म से ऊपरी मंजिल तक पहुंच रहे हैं। कुल तीन मकानों में अगलगी की घटना हुई है।

अभी तक 25 से 30 लोगों को सुरक्षित बाहर निकाला जा चुका है। अभी रेस्क्यू जारी है। डीआईजी अग्निशमन मृत्युंजय चौधरी ने बताया कि अब तक 25 से 30 लोगों को निकाल जा चुका है। रेस्क्यू जारी है।

हादसा इतना भयावह था कि होटल के नीचे खड़ीं दर्जन भर गाड़ियां भी जल चुकी हैं। मौके पर 6 एम्बुलेंस और मंगाया गया है। दो और लोगों को होटल से बाहर निकाला गया। उन्हें एम्बुलेंस से पीएमसीएच भेजा जा रहा है। चार की स्थिति गंभीर है।

## हिंदू जागरण मंच के जिला संपर्क प्रमुख को मारी गोली

**आरा(भोजपुर) , एजेंसी।** भोजपुर जिले के नवादा और गजराजगंज ओपी क्षेत्र के सीमावर्तीय इलाके के बैजू नगर गांव में बुधवार की रात पहले के विवाद को लेकर हथियारबंद बदमाशों ने हिंदू जागरण मंच के जिला संपर्क प्रमुख को गोली मार दी। जख्मी युवक को गोली बाएं हाथ में बांह पर लगी है, जो आरपार हो गई है। गोली लगने के कारण वह गंभीर रूप से जख्मी हो गया। साथियों द्वारा उसे इलाज के लिए आरा सदर अस्पताल लाया गया जहां उसका इलाज जारी है।

जानकारी के अनुसार जख्मी नवादा थाना क्षेत्र के न्यू पुलिस लाइन कश्यप नगर मोहल्ला निवासी राम प्रवेश पांडेय का बेटा पवन सत्यार्थी (24) है। वह पेशे से चाय दुकानदार है और चंदवा मोड़ पर चाय का दुकान चलाता है। घटना को लेकर आसपास की इलाके में सनसनी मच गई है। वहीं घटना की सूचना मिलते ही गजराजगंज ओपी इंचार्ज हरी प्रसाद शर्मा एवं नवादा थानाध्यक्ष कमल जीत पुलिस बल के साथ घटनास्थल पर पहुंच मामले की छानबीन में जुट गए हैं।

इधर,पवन सत्यार्थी ने बताया कि रामनवमी के समय एक पार्टी के जिला उपाध्यक्ष और सिंगर से मामूली विवाद हुआ। इसके अलावा उसने बताया कि चंदवा मोड़ पर उसका चाय का दुकान है, जहां पर दुकान का एक रेगुलर कस्टमर द्वारा उसके स्टाफ को भी मारने-पीटने को लेकर धमकाया था। जब उसने इसका विरोध किया था तो उसके द्वारा उसे गोली मारने की धमकी दी गई थी। उसने बताया कि उसका एक दोस्त है जो पीरो में रहता है। उसकी शादी वह आज जाने वाला था। जिसको लेकर वह बैजू नगर अपने दोस्त अभिषेक के छोटे भाई से मिलने गया था। मिलकर जब वह बाइक से अपने साथ रहे दोस्तों के साथ वापस लौट रहा था। तभी दो बाइक पर सवार चार हथियारबंद बदमाश वहां आए और गाली देकर उससे हाथापाई की। इसके बाद उक्त बदमाशों में से एक बदमाश ने उसे गोली मार दी।

## तेजस्वी यादव पर चढ़ा लालू के देसी अंदाज का रंग



**पटना, एजेंसी।** वैशाली जिला के लालगंज में डंकल प्रस्ताव के विरोध में सभा हो रही थी। पूर्व प्रधानमंत्री वीपी सिंह बोल रहे थे। जीन कंपेन की सुमन सहाय बोल रही थीं। वे दोनों डंकल प्रस्ताव के नुकसान के बारे में तकनीकी ज्ञान दे रहे थे। भीड़ कोई प्रतिक्रियाहीन थी।

उस समय के मुख्यमंत्री लालू प्रसाद उठे। उन्होंने समझाया-ये जो डंकल प्रस्ताव है न, वह पास हो गया तो तुम्हारा कोहड़ा बहुत बड़ा हो जाएगा। उसको काटोगे तो क्या निकलेगा भीड़ से जवाब नहीं मिला।

जवाब लालू ने ही दिया-कोहड़ा से गोबर निकलेगा, गोबर। भीड़ डंकल प्रस्ताव समझ गई थी। नारा लगा-डंकल प्रस्ताव मुर्दाबाद। लालू मुस्कुराए। वीपी सिंह के चेहरे पर भी चमक आ गई। जनता के बीच संवाद चला गया था।

तीन दिन पहले तेजस्वी ने भी अपने भाषण में गोबर का उपयोग किया। पूर्णिया की सभा में उन्होंने कहा-मोदी जी इतना झूठ बोलते हैं कि गोबर को भी हलुआ बना देते हैं। भीड़ की प्रतिक्रिया लालगंज जैसी ही थी। लालू अपने भाषण में रे भाई, अरे भाई का खूब प्रयोग करते थे। तेजस्वी भी कर रहे हैं।

गृह मंत्री अमित शाह ने एकबार कह दिया था कि पूर्णिया में एयरपोर्ट बन गया है। तेजस्वी ने भीड़ से पूछा-जहाज का टिकट कहां मिलेगा रे भाई। बीमा (बीमा भारती, राजद उम्मीदवार।)जीत गई तो पूरे पूर्णिया का बीमा हो जाएगा रे भाई। मंच पर लालू गाते थे-लागा झुलनिया के धाका, बलम कलकता पहुंच गए....।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लिए तेजस्वी गाते हैं- तुम तो धोखेबाज हो, वादा करके भूल जाते हैं। इसके साथ ही वह बड़ी गंभीरता से प्रश्न करते हैं कि भाजपा ने 2014 और 2019 के लोकसभा चुनाव में जो वादा किया था, वह पूरा हुआ कि नहीं। इस क्रम में कालाधन वाला 15 लाख रुपया, हर साल दो करोड़ नौकरी, किसानों की आय दूनी और 2022 तक सबको पक्का मकान देने के वादे का उल्लेख करते हैं।

2020 के विधानसभा चुनाव में तेजस्वी फिल्मी गाने नहीं गाते थे। उन्होंने उस चुनाव में एक गंभीर घोषणा की थी-हमारी सरकार बनी तो कैबिनेट की पहली बैठक में 10 लाख लोगों को नौकरी देने का निर्णय होगा। यह भाषण प्रभावशाली साबित हुआ। विधानसभा चुनाव में राजद सबसे बड़े दल के रूप में उभरा।

मुख्यमंत्री नीतीश कुमार भी तेजस्वी के इस दावे को नजरअंदाज नहीं कर पाए। उन्होंने अपने भाषण में तेजस्वी से प्रश्न किया था-पैसा कहां से लाओगे। क्या उसी पैसा से वेतन दोगे, जिसके कारण जेल गए थे। असल में नीतीश चारा घोटाला और उसमें लालू प्रसाद की गिरफ्तारी की ओर इशारा कर रहे थे।

हालांकि, बाद में नीतीश ने भी 10 लाख लोगों को नौकरी देने की घोषणा कर दी। चार लाख से अधिक लोगों को नौकरी देने के बाद अब यह विषय नीतीश की प्राथमिकता सूची में ऊपर है। 2020 के विधानसभा चुनाव के उलट लोकसभा चुनाव में तेजस्वी अपने भाषण में भोजपुरी और मगही का भी उपयोग करते हैं। इसमें कोई दो राय नहीं कि लालू शैली में भाषण देकर तेजस्वी भीड़ से कारगर संवाद कर लेते हैं। लेकिन, इस अंदाज में उनकी अपनी शैली पीछे छूट रही है, जो 2020 के विधानसभा चुनाव में बनी थी।

## वोटिंग से एक दिन पहले आरजेडी उम्मीदवार बीमा भारती की बढ़ी टेंशन, 10 लाख रुपये के साथ दोनों पीए गिरफ्तार



**पूर्णिया, एजेंसी।** पूर्णिया से एक बड़ी खबर सामने आई है। 26 अप्रैल यानी कि शुक्रवार को यहां वोटिंग होनी है। इससे पहले, राजद प्रत्याशी बीमा भारती की टेंशन बढ़ गई है। दरअसल, 10 लाख कैश के साथ बीमा भारती के दोनों पीए को पुलिस ने हिरासत में लिया है। बीमा भारती के पीए अरविंद जायसवाल और महावीर मंडल के पास से कैश मिले हैं। दोनों को हिरासत में लेकर पुलिस रुपौली थाना लेकर आई है।

पूर्णिया में बुधवार की शाम छह बजे से चुनाव प्रचार का शोरगुल थम गया। वहीं अंतिम दिन प्रमुख प्रत्याशियों ने प्रचार में अपनी पूरी ताकत झोंक दी। कई दिग्गजों ने भी अंतिम समय तक सभाएं की तो कई प्रत्याशियों ने रोड शो निकालकर मतदाताओं को मैसेज देने का काम किया। मतदाता 26 अप्रैल को लोकसभा क्षेत्र में बने 2200 बूथों पर अपना मतदान करेंगे।

पूर्णिया लोकसभा क्षेत्र में हो रहा चुनाव इस बार चर्चा में बना हुआ है। चुनाव में सात प्रत्याशियों ने नामांकन पर्चा दाखिल किया है। एक तरफ एनडीए से जदयू प्रत्याशी संतोष कुशवाहा चुनावी मैदान में हैं तो दूसरी तरफ महागठबंधन से राजद की प्रत्याशी बीमा भारती ताल ठोक रही हैं।

वहीं, निर्दलीय प्रत्याशी के रूप में चुनावी मैदान में उतरे पप्पू यादव ने चुनाव को त्रिकोणात्मक बना दिया है। तीनों नेताओं ने चुनाव में अपनी पूरी ताकत लगा दी है। अंतिम दिन, सभी प्रत्याशी ने प्रचार समाप्ति के अंतिम वक्त तक जमकर जनसंपर्क अभियान चलाया। इसके साथ ही, सभी लोगों से अपने पक्ष में वोट करने की अपील की।

## भाजपा में शामिल हुए मनीष कश्यप, बीजेपी में मिल सकती है बड़ी जिम्मेदारी



**पटना, एजेंसी।** बिहार में चल रही सियासी अटकलों के बीच यूट्यूबर मनीष कश्यप ने भाजपा ज्वॉइन कर ली है। वह अपनी मां के साथ दिल्ली पहुंचे थे जहां उन्होंने भाजपा कार्यालय में मनोज तिवारी और संजय मयूख के सामने पार्टी की सदस्यता ग्रहण की।

बीजेपी ज्वॉइन करने के बाद मनीष कश्यप ने कहा कि इन लोगों की वजह से ही मैं जेल से निकल पाया और मेरे जीवन के बुरे दिन खत्म हो पाए इसलिए मैं भाजपा में शामिल हुआ। बिहार को मजबूत करना है। भाजपा के साथ मिलकर अब मैं बिहार को मजबूत करूंगा।

यूट्यूबर मनीष कश्यप के भाजपा में शामिल होने पर भाजपा नेता मनोज तिवारी ने कहा कि मनीष कश्यप जैसा व्यक्ति जो जनता के सरोकार को उठाता है, वो भाजपा के साथ है। मैं मनीष को जानता हूं, वे गरीबों का भला चाहते हैं और गरीबों का भला करने के लिए वे पीएम मोदी के साथ जुड़े हैं। हम उनका बहुत ख्याल रखेंगे और सम्मान करेंगे।

बता दें कि मनीष कश्यप को लेकर बुधवार शाम से ही सियासी अटकलें तेज हो गई थीं। इन अटकलों को तब बल मिल गया जब मनीष कश्यप ने सुबह में मां के साथ एक भावुक पोस्ट डाली थी।

इस पोस्ट में मनीष कश्यप ने लिखा था कि बहुत दिनों बाद मां के चेहरे पर खुशी नजर आई। मां खुश हैं तो सब कुछ एकदम सही हो जाएगा।

# धनबाद से आनंद विहार के लिए एक-एक फेरे स्पेशल ट्रेनों का परिचालन



**गया/सिवान, एजेंसी।** रेल यात्रियों की अत्याधिक भीड़ के मद्देनजर रेलवे की ओर से धनबाद से आनंद विहार के लिए एक-एक फेरे स्पेशल ट्रेन का परिचालन किया जाएगा। धनबाद मंडल के वरीय जनसंपर्क अधिकारी अमरेश कुमार ने बताया कि गाड़ी संख्या 02395/02396 धनबाद-आनंद विहार-धनबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल कोडरमा-गया-डीडीयू-प्रयागराज के रास्ते चलेगी।वहीं, गाड़ी संख्या 02395 धनबाद-आनंद विहार सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल 19 अप्रैल से धनबाद से 18.00 बजे खुलकर अगले दिन 15.00 बजे आनंद विहार पहुंचेगी।

वापसी में गाड़ी संख्या 02396 आनंद विहार-धनबाद सुपरफास्ट एक्सप्रेस स्पेशल 20 अप्रैल को आनंद विहार से 19.20 बजे खुलकर अगले दिन 16.54 बजे धनबाद पहुंचेगी। इस स्पेशल में द्वितीय वातानुकूलित श्रेणी का 01 एवं शयनयान श्रेणी के 19 कोच होंगे।

यात्री सुविधाओं को ध्यान में रखते हुए रेलवे प्रशासन द्वारा ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी का संचालन किया जाएगा। इस संबंध में वाराणसी मंडल के जनसंपर्क पदाधिकारी अशोक कुमार ने बताया कि 05115 छपरा-आनंद बिहार टर्मिनस ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी एक मई से 26 जून तक प्रत्येक बुधवार को छपरा से प्रस्थान कर सिवान से 18.30 बजे, देवरिया सदर, गोरखपुर, खलीलाबाद, बस्ती, गोंडा दूसरे दिन बुढ़वल, सीतापुर, बरेली तथा मुरादाबाद से छूटकर आनंद विहार टर्मिनस 11.50 बजे पहुंचेगी।

वापसी यात्रा में 05116 आनंद विहार टर्मिनस-छपरा ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी दो मई से 27 जून तक प्रत्येक गुरुवार को आनंद विहार टर्मिनस से प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशन होते हुए दूसरे दिन सिवान से 08.30 बजे छूटकर छपरा पहुंचेगी।

उन्होंने आगे बताया कि 05060 लालकुआं-हावड़ा ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी लालकुआं से 14.00 बजे प्रस्थान कर किच्छा, भोजीपुरा, पीलीभीत, पूरनपुर, मैलानी, गोला गोकरननाथ, लखीमपुर, सीतापुर, बुढ़वल, गोंडा दूसरे दिन बस्ती, खलीलाबाद, गोरखपुर, कप्तानगंज, पडरौना, तमकुही रोड, थावे, सिवान से 06.55 बजे, छपरा, हाजीपुर, मुजफ्फरपुर , समस्तीपुर, बरौनी, किऊल, जसीडीह, आसनसोल, दुर्गापुर, बर्द्धवान तथा बंडेल छूटकर हावड़ा 21.30 बजे पहुंचेगी।

05059 हावड़ा-लालकुआं ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 27 अप्रैल से 29 जून तक हावड़ा प्रस्थान कर विभिन्न स्टेशन हेतु हुए दूसरे दिन सिवान से 17.45 बजे, छूटकर लालकुआं 13.55 बजे पहुंचेगी।बताया कि 04137 ग्वालियर-बरौनी द्विसाप्ताहिक ग्रीष्मकालीन विशेष गाड़ी 21 अप्रैल से 30 जून तक प्रत्येक रविवार एवं बुधवार को ग्वालियर से 07.10 बजे प्रस्थान कर डबरा, दतिया, वीरांगना लक्ष्मीबाई, मोठ, ऐट, उरई, काल्पी, पुखराया, कानपुर सेंट्रल, उन्नाव, लखनऊ, बाराबंकी, बुढ़वल, करनैलगंज, गोंडा, मनकापुर, बस्ती दूसरे दिन गोरखपुर, देवरिया सदर, भटनी, सिवान से 03.10 बजे, छपरा, हाजीपुर तथा शाहपुर पटोरी छूटकर बरौनी 08.00 बजे पहुंचेगी।

## बीजेपी ने हैट्रिक के बाद भी जदयू को क्यों दे दी बिहार की ये सीट राजद के दांव से रोचक होगा मुकाबला



**शिवहर, एजेंसी।** शिवहर राज्य में शिवहर इकलौता जिला है, जहां विधानसभा की सिर्फ एक सीट है। शिवहर संसदीय क्षेत्र में जिले की शिवहर सहित पूर्वी चंपारण की मधुबन, ढाका व चिरैया तथा सीतामढ़ी की रीगा व बेलसंड विधानसभा सीटें शामिल हैं।

2009 से प्रभावी परिसीमन के बाद यहां से लगातार तीन टर्म भाजपा की रमा देवी चुनाव जीती हैं। इस बार उन्हें बेटिकट कर दिया गया है। राजग में यह सीट भाजपा ने जदयू को दे दिया है। जदयू ने यहां से दो बार सांसद रहे आनंद मोहन की पत्नी लवली आनंद को अपना प्रत्याशी बनाया है।

वहीं, महागठबंधन में यह यह सीट राजद के पास है। राजद ने रितु जायसवाल को प्रत्याशी घोषित किया है। दो महिला प्रत्याशियों के होने से इस बार का मुकाबला रोचक बताया जा रहा है।लोकसभा क्षेत्र की छह विधानसभा सीटों में चार पर भाजपा और दो पर राजद के विधायक हैं। ढाका, मधुबन, चिरैया व रीगा पर भाजपा तथा बेलसंड व शिवहर सीट राजद के पास है।

शिवहर से राजद विधायक चेतन आनंद जदयू की प्रत्याशी और अपनी मां लवली आनंद के पक्ष में प्रचार करते दिख रहे हैं। बेलसंड सीट पर राजद के संजय कुमार गुप्ता विधायक हैं। भाजपा के रीगा से मोतीलाल प्रसाद, ढाका से पवन जायसवाल, चिरैया से लालबाबू साह तथा मधुबन से राणा रणधीर विधायक हैं।

# भागलपुर से हावड़ा के बीच चलेगी वंदे मेट्रो ट्रेन, इन स्टेशनों पर रुकेगी; टाइम टेबल जारी



**भागलपुर, एजेंसी।** भागलपुर से हावड़ा के बीच वंदे मेट्रो ट्रेन चलेगी। आठ कोच वाली यह ट्रेन भागलपुर और हावड़ा से सप्ताह में छह दिन ही चलेगी। भागलपुर से बुधवार और हावड़ा से मंगलवार को नहीं चलेगी। वंदे मेट्रो के परिचालन की समय-सारिणी भी जारी कर दी गई है।

यह ट्रेन भागलपुर से सुबह 6ः15 बजे चलेगी और 7ः28 बजे यह साहिबगंज स्टेशन व 8ः15 पर बड़हरवा पहुंच जाएगी। दो मिनट रुकने के बाद यह ट्रेन बड़हरवा से खुलने के बाद अजीमगंज, कटवा, नौदीपधाम होते हुए दोपहर के 2ः25 बजे हावड़ा पहुंच जाएगी।

वहीं, हावड़ा से यह ट्रेन दोपहर 1ः30 बजे चलेगी और 9ः55 बजे रात को भागलपुर पहुंचेगी। 439.57 किलोमीटर का सफर 7ः30 घंटे में तय करेगी। इस ट्रेन में स्लीपर की व्यवस्था नहीं होगी, बल्कि चेयरकार कोच रहेगा।

लोकसभा चुनाव संपन्न होने और नई सरकार बनने के बाद इस ट्रेन के परिचालन तिथि की घोषणा करने की उम्मीद है। रेलवे के अधिकारियों के अनुसार साहिबगंज-भागलपुर-जमालपुर-किऊल रेलखंड पर वंदे भारत ट्रेन भी चलेगी। वंदे भारत के साथ भागलपुर-हावड़ा के अलावा दो और वंदे भारत मेट्रो ट्रेनों का भी परिचालन होगा। इसके लिए रेलवे बोर्ड से रिपोर्ट मांगी गई थी।पूर्व रेलवे के मुख्यालय से रेलवे बोर्ड को परिचालन संबंधित रिपोर्ट भेज दी गई है। इसके साथ ही भागलपुर होकर जमालपुर से मालदा, भागलपुर-हावड़ा और भागलपुर-देवघर के बीच तीन वंदे भारत मेट्रो ट्रेन का परिचालन होगा। मालदा रेल मंडल अंतर्गत रेलवे ट्रैक पूरी तरह से दुरुस्त है।मालदा-साहिबगंज-भागलपुर-किऊल रेलखंड पर ट्रेनों की अधिकमत गति प्रति घंटे 110-130 किलोमीटर है। मालदा रेल मंडल के कई स्टेशनों को नया लुक दिया जा रहा है। स्टेशनों के आधुनिकीकरण के साथ ही यात्री सुविधाओं में बढ़ोतरी करना पहली प्राथमिकता है।

## राजाबाजार क्षेत्र में सुबह नौ से शाम सात बजे तक सब्जी-फल बाजार लगाने पर पूर्णतः प्रतिबंध



**पटना, एजेंसी।** जनहित में सुगम यातायात और सड़क सुरक्षा के लिए मुख्य सड़कों और फुटपाथ पर वेंडरों को सामान बेचने की अनुमति नहीं दी जा सकती है। उन्हें जन सुरक्षा के मानकों का अनुपालन करना ही होगा। प्रमंडलीय आयुक्त कुमार रवि ने स्पष्ट शब्दों में यह कहा है। साथ ही उन्होंने यह भी कहा है कि सुगम यातायात के लिए केवल राजाबाजार क्षेत्र में सुबह नौ से शाम सात बजे तक सब्जी-फल बाजार लगाने पर पूर्णतः प्रतिबंध लगाया गया है।

शहर के अन्य क्षेत्रों में इस समय सीमा को बाध्यकारी नहीं किया गया है। प्रमंडलीय आयुक्त के अनुसार नेहरू पथ के दोनों तरफ शेखपुरा मोड़ से जगदेव पथ, रूपसपुर पुल ड्रग प्वाइंट तक दिन भर सब्जी-फल की दुकानें नहीं लगेंगी। उन्होंने नगर आयुक्त को निर्देश दिया है कि वेंडर नगर निगम से चिह्नित वेंडिंग क्षेत्रों में ही अपनी दुकान लगाएं, यह सुनिश्चित करें। उन्होंने पटना नगर निगम के क्षेत्रों में मुख्य सड़कों तथा फुटपाथ को वेंडरों और अतिक्रमण से मुक्त रखने का निर्देश दिया है।

## संक्षिप्त समाचार

### शॉर्ट सर्किट से लगी आग, दो दर्जन से अधिक घर जले

**हाजीपुर**। वैशाली के जंदाहा प्रखंड क्षेत्र के डीह बुचौली पंचायत अंतर्गत दुलौर गांव मे बिजली के शॉर्ट सर्किट से लग गई है। बताया जा रहा है की आग में झुलसने से एक बुर्जुग व्यक्ति जगेशर पासवान की मौत हो गई है। हांलाकि कई अन्य लोगों की भी झुलस जाने की सुचना मिल रही है। वहीं इस घटना में दर्जनों जानवरों की भी झुलसने से मौत हो गई है। आग खुले मैदान खेत में लगी थी जो धीरे-धीरे गांव की तरफ फैल गया है। इस घटना में दो दर्जन से अधिक घर जल गए है। आग लगने की सूचना पाकर जंदाहा अंचलाधिकारी थाना प्रभारी घटना स्थल पहुंच गए है। वहीं अग्निशमन विभाग की टीम आग पर काबू पाने की प्रयास में जुटी है। बताया जा रहा है की हाजीपुर और समस्तीपुर समेत आसपास के कई जिलों से दमकल की टीम बुलाई जा रही है। 1 किलोमीटर के दायरे में आग फैल गई है। जंदाहा अंचल अधिकारी ने बताया कि आसपास के सभी फायर ब्रिगेड की वाहन को बुलाया गया है। वहीं हाजीपुर और समस्तीपुर से दमकल मंगवाई जा रही है। झुलसने से मौत हुई बुर्जुग की मौत सीओ ने बताया कि एक बुर्जुग व्यक्ति की झुलसने से मौत हुई है।



### मीटिंग से आने के बाद महिला ने खा लिया जहर

**हाजीपुर** । वैशाली में पारिवारिक विवाद में पति की पिटाई और प्रताड़ना से तंग आकर विवाहिता ने जहर खाकर जान दे दी है। दो छोटी-छोटी बेटियां शिखा और आकृति हैं जिसके सिर से मां का साया उठ गया है। मायके वालों में कोहराम मच गया है। घटना की सूचना पाकर जनदाहा थाना के पुलिस अधिकारी ने शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेज दिया है। मामले की जांच में जुट गई है। घटना जंदाहा थाना क्षेत्र के मिश्रौलिया गांव की है। मृतक की पहचान अजीत कुमार सिंह के 27 वर्षीय पत्नी अंजलि कुमारी के रूप में हुई है। उसकी शादी पिछले साल 2016 में हुई थी। बेटी शिखा कुमारी ने बताया कि मम्मी मीटिंग में गई थी। घर लौटकर आई तो पापा ने मम्मी की पिटाई कर दी। इसी को लेकर मम्मी ने जहर खा ली है। जनदाहा थाना अध्यक्ष शंभू नाथ ने बताया कि संदिग्ध हालत में महिला के शव को पोस्टमार्टम के लिए सदर अस्पताल भेजा गया है। घटना के बारे में मृतका के मायके वाले द्वारा कुछ भी बताया नहीं गया है। ससुराल वाले फरार हैं। आवेदन प्राप्त होते ही प्राथमिकी दर्ज कर कार्रवाई की जाएंगी। फिलहाल घटना को लेकर जांच पड़ताल किया जा रहा है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही स्पष्ट हो पाएगा की महिला की मृत्यु कैसे हुई है।



### दूसरे फेज की तैयारी पूरी, आज 7 बजे से मतदान, NDA में सिर्फ JDU के प्रत्याशी

**पटना**। दूसरे फेज के 5 सीटों पर शुक्रवार की सुबह 7 बजे से वोटिंग शुरू होगी। निर्वाचन आयोग ने मतदान करने को लेकर तैयारी पूरी कर ली है। बिहार मुख्य निर्वाचन पदाधिकारी एच आर श्रीनिवास के मुताबिक बिहार में शांतिपूर्ण, स्वच्छ और भय मुक्त मतदान करने को लेकर तैयारियां पूरी कर ली गई है। मतदान केंद्रों पर पोलिंग पार्टी भेजी जा रही है। बिहार के दूसरे चरण में 5 सीटों पर मतदान होना है। दूसरे दौर में भारतीय जनता पार्टी के एक भी उम्मीदवार नहीं है। एनडीए के घटक दल जनता दल यूनाइटेड ने सभी 5 सीट पर अपने उम्मीदवार उतारे हैं। इंडिया गठबंधन की बात की जाए तो कांग्रेस के 3 प्रत्याशी और राष्ट्रीय जनता दल के 2 उम्मीदवार चुनावी दंगल में ताल ठोंक रहे हैं। 5 सीटों पर कल 50 उम्मीदवार ने नामांकन डाला है, जिसमें से 47 पुरुष और तीन महिला प्रत्याशी ने नामांकन कराया है। नेशनल और राज्य स्तरीय पार्टी के 14 उम्मीदवार चुनावी दंगल में खड़े हैं। रजिस्टर्ड पार्टी के उम्मीदवारो की संख्या 20 है। 16 उम्मीदवार इंडिपेंडेंट हैं। दूसरे चरण में भागलपुर सबसे छोटा संसदीय सीट है। 2,551 वर्ग किलोमीटर में फैला है। जबकि बांका लोकसभा सीट दूसरे चरण में सबसे ज्यादा क्षेत्रफल में फैला हुआ है। 3,026 वर्ग किलोमीटर में यह क्षेत्र फैला हुआ है। मतदाताओं के हिसाब से किशनगंज लोकसभा सीट सबसे छोटा है। किशनगंज लोकसभा सीट पर 18 लाख 29 हजार 994 मतदाता हैं। वहीं, भागलपुर लोकसभा सीट में सबसे ज्यादा मतदाता है। संसदीय क्षेत्र में 19 लाख 83 हजार 31 मतदाता मताधिकार का इस्तेमाल करेंगे। दूसरे चरण के मतदान में कल 93 लाख 96 हजार 298 मतदाता मताधिकार का प्रयोग करेंगे। इसमें 306 थर्ड जेंडर वोटर्स हैं। महिला वोटर की संख्या 45 लाख 14 हजार 555 है। मेल वोटर की संख्या 48 लाख 81 हजार 437 है। 18 से 19 साल के पहली बार वोटिंग करने वाले वोटरों की संख्या 13 हजार 773 है। जबकि 20 साल से 29 साल के वोटरों की संख्या 20 लाख 86 हजार 853 है। 50 साल से ऊपर वाले वोटों की संख्या 79 हजार 85 है। हैंडिकैप्ड वोटरों की संख्या 89 हजार 745 है। इनके लिए मतदान केंद्रों पर रैंप की व्यवस्था की गई है। दूसरे चरण में कुल 9322 मतदान केंद्रों पर 11238 एवं का प्रयोग किया जाएगा। बैलेट यूनिट की संख्या 11270 है, जबकि अभी VVVPAT 12447 इस्तेमाल में ले जाएंगे। दूसरे दौर में सिर्फ 1,259 ऐसे मतदान केंद्र हैं, जो शहरी क्षेत्र में बनाए गए हैं। जबकि 8 हजार 63 मतदान केंद्र ग्रामीण क्षेत्रों में आते हैं, ऐसे में वोटिंग परसेंटेज बढ़ाने की जिम्मेदारी ग्रामीण वोटरों पर रहेगा। दूसरे चरण में कुल 37 ऐसे मतदान केंद्र हैं,जो मॉडल मतदान केंद्र के रूप में चिन्हित हैं। 29 मतदान केंद्रों पर सिर्फ और सिर्फ महिला वोटिंग प्रक्रिया का हिस्सा बनी है। 4821 मतदान केंद्रों से सीधा वेब कास्टिंग की व्यवस्था की गई है।



### गेहू की खेत में लगी आग कई एकड़ फसल जलकर हुई बर्बाद



**चाणक्य भूमि बैरिया**।बैरिया अंचल क्षेत्र के लौकरिया पंचायत के धुनिया टोली गांव के सरेह मे पर गेहूं के खेत में अचानक आग लग गई देखते ही देखते आग बिकराल रूप धारण कर लिया। आग लगने से फसल जलकर बर्बाद हो गई। आग लगने से अफरा-तफरी का माहौल कायम हो गया आग बुझाने के लिए ग्रामीणों को द्वारा काफी मशक्कत की गई तब तक सभी फसल जलकर बर्बाद हो गई थी। घटना की सूचना पर पहुंची अगिन शामक दास्ता की गाड़ी ने आग पर काबू पाया।यह जानकारी देते हुए लौकरिया पंचायत के सरपंच प्रमोद सिंह ने बताया कि अगर बैरिया थाने में अगिन शामक दास्ता की गाड़ी रहती तो इतना नुकसान नहीं होता देखा जा रहा है कि थाना क्षेत्र के कई जगह पर आग लगने से काफी नुकसान हो रहा उन्होंने बैरिया थाने में थाना स्तर पर एक अग्निशमन गाड़ी की मांग किया है।

# आखिर क्या वजह है कि संजय जायसवाल के धुर विरोधी ने जॉइन की भाजपा

### भाजपा से जुड़ते ही मनीष कश्यप ने फोन पर विहिप नेता को सुनायी खरी खोटी

चाणक्य भूमि बेतिया। भाजपा का जादू किसी नेता पर इस कदर हावी हो जाता है ऐसा शायद कभी-कभी ही देखने को मिलता है। अभी संजय जायसवाल प्रेस कॉन्फ्रेंस कर मनीष कश्यप को बधाई दे रहे थे उसी समय विहिप जिला मंत्री द्वारा एक ऑडियो वायरल हो रहा था जिसमे विहिप मंत्री और नए नवेले भाजपा नेता मनीष कश्यप का नोक झोंक सुनायी दे रही भाजपा नेता मनीष कश्यप ने विश्व हिंदू परिषद के महामंत्री सह बेतिया नगर निगम के उप महापौर प्रतिनिधि रमन गुप्ता से दूरभाष पर अभद्र बातें करते हुए सुने जा रहे है। जिसमें मनीष कश्यप स्पष्ट कह रहे हैं की बेतिया नगर निगम की वह लूट का पोल जल्द ही खोलेगे तथा बेतिया जल्दी ही आ रहे हैं इतना ही नहीं मेयर प्रतिनिधि उनसे बोल रहे हैं कि आ जाओ तुम्हारा इंतजार है और पूर्व में मनीष कश्यप को एक मामले में कैसे उन्होंने मदद की वह भी बात याद दिला रहे हैं ऐसी कई बातें ऑडियो में सुनने को मिल रहा है जिसमें अभद्र भाषा का प्रयोग किया जा रहा है ।चाणक्य भूमि को यह वायरल ऑडियो की पुष्टि नहीं करता।



**चाणक्य भूमि बेतिया।**

आखिर जनता ऐसे नेताओ के बात का विश्वास कैसे करे यह जनता को सोचना है। दो दिन पूर्व तक संजय जायसवाल का विरोध आखिर क्या कारण है कि संजय जायसवाल का खुले मंच से विरोध करने वाले मनीष कश्यप भाजपा में शामिल हुये हालाँकि दल बदलने वाले नेता की तरह इन्होंने पार्टी में जुड़ने को आत्मा की आवाज़ नहीं बता कर कहा कि " मैं बीजेपी में शामिल नहीं होना चाहता था लेकिन भाजपा नेता मनोज तिवारी ने मेरी मां को फोन कर मुझे बीजेपी में शामिल होने के लिए कहा। आगे उन्होंने कहा कि बीजेपी के सामने मैंने जो भी शर्त रखी है, बीजेपी ने वह सारी शर्तें मान ली है। मेरी लड़ाई भाजपा से नहीं थी, क्योंकि मेरी विचारधारा बीजेपी से बखूबी मिलती है। उनके इस कदम से हालंकि उनके समर्थकों में घोर निराशा है। एक तरफ जिस तरह दो दिन पूर्व तक संजय जायसवाल का विरोध करने वाले मनीष कश्यप अब उनके लिये जनता से वोट मांगेंगे। आखिर जनता ऐसे नेताओ के बात का विश्वास कैसे करे यह जनता को सोचना है।

### भाजपा मे शामिल होने पर मनीष कश्यप को संजय जायसवाल ने दी बधाई

**चाणक्य भूमि बेतिया ।**



बेतिया के भाजपा जिला कार्यालय मे संजय जायसवाल ने मनीष कश्यप को भाजपा मे शामिल होने पर बधाई दी और कहा कि भाजपा एक पार्टी नहीं बल्कि एक परिवार है । वही देखा गया की डॉ जायसवाल ने संकुचित मन से कहते हुए कहा की नई दिल्ली के राष्ट्रीय कार्यालय मे मनीष कश्यप द्वारा पार्टी में शामिल होने पर हम उनका स्वागत करते है। आपको बता दें कि मनीष पत्रकारिता मे भी रहे है और पिछले चुनाव के वक़्त चनपटिया से लड़ने का काम किये थे । आज मनीष कश्यप ने अपनी मां के कहने पर मनोज तिवारी के सामने भाजपा परिवार मे शामिल हुए है। वही डॉ जायसवाल ने बधाई देते हुए कहा की भाजपा मे हर आदमी का स्वागत है भाजपा हमेशा अपने सिद्धांतो पर कार्य करती है। पिछले साल मनीष कश्यप के साथ जो कुछ भी हुआ था हमने उसकी भत्सर्ना भी की थी। खबर के लिए किसी व्यक्ति पर एनएसए लगाना वह सरासर गलत है और एनएसए अगर किसी पर लगना चाहिए तो वह केवल ही केवल कांग्रेस पर लगना चाहिए जिस प्रकार समाज को बाँटने का कार्य करती है। बाबा साहेब भीमराव अंबेडकर ने इस संविधान को लिखा है की धर्म पर आधारित कोई भी आरक्षण नहीं होगा। परन्तु कांग्रेस पार्टी बाबा साहेब अंबेडकर के सिद्धांतों को नहीं मानते हुए चुनाव में घोषणा किया है कि धर्म के आधार पर आरक्षण हो। जिसकी निंदा करते हैं इस देश के संविधान में बाबा साहब जो मूल भावना रखी है यह उन भावना का हिस्सा है और कांग्रेस जो इस संविधान को छेड़छाड़ करने की प्रयास अपनी घोषणा पत्र में की है इसके लिए भाजपा के सभी सदस्य विरोध करते हैं और इसके लिए देश की जनता सबक सिखाएगी। इस मौके पर चनपटिया विधायक उमा कांत सिंह, जिलाध्यक्ष रूपक श्रीवास्तव सहित भाजपा के कई कार्यकर्ता शामिल थे।

# एनिवर्सरी पर बहू को बालू में गाड़ा, भाई बोला- 1 कट्ठा जमीन और 10 लाख रुपए के लिए हत्या की

**एजेंसी, पटना।**

पटना में मैरिज एनिवर्सरी के दिन एक बहू की दहेज के लिए हत्या कर दी गई। बुधवार को महिला का शव बालू घाट से निकाला गया। भाई का आरोप है कि ससुराल वाले 1 कट्ठा जमीन और 1 लाख रुपए की डिमांड कर रहे थे। हमने समय मांगा था। इस बात को लेकर वो बहन को टॉर्चर करते थे। 23 अप्रैल को उसकी हत्या कर दी। 24 को शव बालू घाट में गड़ा मिला। इस घटना के बाद से पति समेत ससुराल पक्ष के लिए लोग फरार हैं। पुलिस ने शव को बरामद कर पोस्टमॉर्टम के लिए भेज दिया है। मृतका की पहचान श्रीरामपुर गांव निवासी रमेश राय की बेटी सोनी कुमारी के रूप में हुई है। मृतका कि भाई ने थाने में आवेदन देकर ससुराल पक्ष पर कार्रवाई की मांग की है। उन्होंने बताया कि 2 साल पहले लेखन टोला निवासी छोटन राय के पुत्र धीरज कुमार के साथ सोनी की शादी हुई थी।




**भाई बोला- बहन को टॉर्चर करते थे**: सोनी के भाई ने बताया कि शादी के कुछ दिन बाद से ही एक कट्ठा जमीन और 10 लाख रुपए के लिए वो बहन को परेशान करने लगे थे। शादी के पहले ऐसी कोई बात नहीं हुई थी। वो अक्सर उसके साथ मारपीट किया करते थे। वो रो-रोकर फोन करती थी। हम व्यवस्था में लगे थे। बातचीत से भी हल निकालने की कोशिश की जा रही थी।23 अप्रैल को ससुराल वालों ने बहन की हत्या कर दी।

**पुलिस ने बालू घाट से खोदकर निकाला शव**: दानापुर डीएसपी पंकज कुमार मिश्रा ने बताया कि महिला के भाई ने थाने में आवेदन दिया था। पुलिस की छानबीन चल रही थी, इस बीच बुधवार को जानकारी मिली कि एक महिला के शव को सुरौंधा बालू घाट के पास दफनाया गया है। पुलिस मौके पर पहुंचकर शव को बरामद कर लिया। पहचान के बाद शव को पोस्टमॉर्टम के लिए अस्पताल भेज दिया गया है। जांच में एफएसएल की टीम की भी मदद ली जा रही है। परिजनों के बयान के आधार पुलिस जांच कर रही है।

### शॉर्ट सर्किट से रेस्टोरेंट में लगी आग

**एजेंसी, पटना।**



पटना के दानापुर थाना क्षेत्र में आरपीएस मोड़ के पास बुधवार देर रात शॉर्ट सर्किट से फुर्सत रेस्टोरेंट में भीषण आग लग गई।आग की वजह से रेस्टोरेंट में रखे गैस सिलेंडर में ब्लास्ट हो गया। गैस सिलेंडर ब्लास्ट होने के बाद आग रेस्टोरेंट के पास की कार कार एसेसीरिज की गोदाम में फैल गई। स्थानीय लोगों ने इसकी सूचना डायल 112 और अग्निशमन टीम को दी। सूचना पाकर अग्निशमन की सात गाड़ियों ने तीन घंटे की कड़ी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया। घटना में किसी के हताहत होने की सूचना नहीं है। इस घटना में 40 लाख से ऊपर के नुकसान का होने का अनुमान लगाया जा है। इस बाबत कार कार एसेसीरिज गोदाम के मालिक टिंकू अली ने बताया कि रात्रि 9 बजे हमलोग दुकान और गोदाम बंद कर घर चले गए थे। रेस्टोरेंट के नीचे हमारी दुकान है और रेस्टोरेंट के बगल में गोदाम। देर रात 1 बजे के करीब सूचना मिला की रेस्टोरेंट में आग लग गई है और आग मेरे गोदाम तक फैल गई है। सूचना मिलते ही मैं वहां पहुंचा। अग्निशमन की सात गाड़ियां आग बुझाने में लगी थी। अग्निशमन की टीम के द्वारा जब तक आग पर काबू पाया जाता तब तक गोदाम में रखे 35 लाख से ऊपर का सारा सामान जलकर राख हो गया।

**सिलेंडर ब्लास्ट से कार एसेसीरिज की दुकान भी चपेट में आया, 35 लाख का नुकसान**

### बिना एंट्रेंस एग्जाम के होगा पटना वीमेंस कॉलेज नामांकन

**पटना**। पटना वीमेंस कॉलेज (PWC) में एडमिशन प्रक्रिया चल रही है। कॉलेज ने यूजी, पीजी और पीजी डिप्लोमा के लिए एडमिशन फॉर्म पहले ही जारी कर दिया था। अब कॉलेज ने एडमिशन को लेकर एक नया नोटिस जारी किया है, जिसमें एडमिशन के तहत यह निर्णय लिया है कि यूजी और पीजी की एंट्रेस परीक्षा इस बार नहीं होगी। यह कॉलेज के इतिहास में पहली बार है, जब छात्राओं का नामांकन बिना एंट्रेस एग्जाम के होगा। कॉलेज की प्रिंसिपल डॉ प्रिंसिपल एम रश्मि एसी ने कहा कि लोकसभा चुनाव के चलते यह फैसला लिया गया है। चुनाव चल रहे हैं, जिसकी वजह से परीक्षा लेना मुश्किल है। इसलिए अब यूजी छात्राओं का एडमिशन 12वीं में आने वाले अंकों पर निर्धारित किया जाएगा। वहीं, पीजी की छात्राओं का स्नातक में आए अंकों पर नामांकन होगा। जैसे ही ICSE और CBSE बोर्ड के रिजल्ट जारी किए जाएंगे, मेरिट लिस्ट कॉलेज की वेबसाइट पर जारी कर दी जाएगी।

# पटना की तनिष्का को 'मिस टीन अर्थ इंडिया' का खिताब

**एजेंसी, पटना।**

पटना की तनिष्का शर्मा ने 'मिस टीन अर्थ इंडिया' का खिताब अपने नाम किया है। देश की सबसे बड़ी किशोर सौंदर्य प्रतियोगिता मिस टीन दीवा 2024 का आयोजन जयपुर में किया गया था। 15 वर्षीय तनिष्का ने देश के 29 पार्टिसिपेंट को पीछे छोड़ यह खिताब आपने नाम किया है। तनिष्का बचपन से ही फैशन जगत में आना चाहती थी। इसके लिए तनिष्का ने पूरे एक साल मेहनत भी की है। उनकी इसी मेहनत का नतीजा है कि तनिष्का ने न सिर्फ अपने परिवार, बल्कि पूरे बिहार का नाम रौशन किया है। इस जीत के बाद तनिष्का और उसके परिवार में खुशी का माहौल हैं। वह प्रियंका चोपड़ा को अपना आइडल मानती हैं।

**86 किलो था वजन, लोग उड़ाते थे मजाकः** तनिष्का ने बताया कि इस पैजेंट (सौंदर्य प्रतियोगिता) के लिए पिछले साल जून में अप्लाई किया था, तब उनका वजन 86 किलो था। उस वक्त लोग मुझे वजन को लेकर ताना मारते थे। वे कहते थे कि फॉर्म भरने से कोई फायदा नहीं है। इससे तुम जीत नहीं पाओगी। फिर तनिष्का ने ठान लिया और सात महीने में 21 किलो वजन घटाए। इस दौरान उन्हें एहसास हुआ कि देश में हर दूसरी लड़की इस समस्या से पीड़ित है। आज इस खिताब को जीतकर तनिष्का उनके अंदर हर काम करने का आत्मविश्वास दिलाना चाहती हैं।



**भारत देश सबके लिए घर जैसाः** जीत से पहले तनिष्का को ओपनिंग डांस, स्वीमवियर राउंड, इवनिंग गाउन राउंड के साथ ही टाइटल राउंड से गुजरना पड़ा। इसमें देशभर से कई कंटेस्टेंट ने हिस्सा लिया। उनसे सवाल किया गया, 'भारत को आप कैसे देखती हैं और अपने सिर पर सजे ताज को किस तरीके से जाहिर करेंगी।' इसका जवाब देते हुए तनिष्का ने कहा, 'भारत सबके लिए घर जैसा है और कोई भी बाहरी अगर यहां आता है तो उसे भी घर जैसा एहसास ही मिलता है।'

**एक बड़ी फैशन डिजाइनर बनने का है सपनाः** तनिष्का का अगला लक्ष्य अगले साल आयोजित होने वाले मिस टीन अर्थ में भारत का प्रतिनिधित्व कर खिताब जीतना है। इसकी तैयारी उन्होंने अभी से शुरू कर दी है। हालांकि, तनिष्का एक बड़ी फैशन डिजाइनर बनना चाहती हैं। उन्होंने कहा कि जब वह इस प्रतियोगिता के लिए इवनिंग गाउन खोज रही थीं तो उस वक्त बिहार का कोई भी डिजाइनर उन्हें नहीं मिला था। इसके अलावा अच्छे क्वालिटी के साथ किफायती दाम में कोई भी कपड़े नहीं थे। इसलिए वह अपना एक फैशन ब्रांड खोलना चाहती हैं, जिसमें हर बजट के कपड़े मिले और सभी इसे एफोर्ड कर सके। इस साल तनिष्का ने 10वीं बोर्ड एग्जाम दिए हैं और साथ ही उन्होंने इस सौंदर्य प्रतियोगिता की भी तैयारी की। इस दौरान उन्हें अपने माता-पिता का काफी सपोर्ट मिला। उनके पिता डॉ विकास शर्मा एक पशु चिकित्सक हैं। मां नीतू शर्मा एक हेल्थ कोच हैं। इस चीज का सपना देखने वाली लड़कियों से तनिष्का कहना चाहती है कि इसमें कोई शॉर्टकट नहीं है।

**29 पार्टिसिपेंट को पीछे छोड़ा, कहा- 86 किलो वजन होने पर लोग ताने मारते थे**

### लोगों की प्यास बुझाने के लिए ई-रिक्शा पर घूमेगा चलंत प्याऊ

**पटना**। बढ़ती गर्मी के साथ-साथ शरीर में पानी की कमी होने लगती है। समय-समय पर शरीर को पानी की आवश्यकता होती है। गर्मी में लोगों की प्यास बुझाने के लिए नगर निगम जल्द ही एक नई पहल शुरू करने जा रहा है। दरअसल, अब लोगों को ई-रिक्शा पर पीने का ठंडा पानी मिलेगा। गर्मी और लू से राहत के लिए निगम की ओर से चलंत प्याऊ की व्यवस्था की जा रही है। सभी 6 अंचलों में 2-2 ई-रिक्शा घूमेगा जिस पर चलंत प्याऊ की व्यवस्था रहेगी। इसे 'निगम नीर' के नाम से जाना जाएगा। पटना नगर निगम के नगर आयुक्त अनिमेष कुमार पाराशर ने कहा कि निगम के ई-कार्ट में मोबाइल फिल्टर्ड पानी की व्यवस्था की जाएगी। यह पानी ठंडा रहेगा। इसके लिए 12 गाड़ियों को तैयार किया जा रहा है। हर अंचल में 2 गाड़ी रहेगी। मुख्य चौक-चौराहे, जहां पर लोगों का ज्यादा आना-जाना होता है, जैसे बस स्टैंड, रेलवे स्टेशन के बाहर का इलाका, मार्केट एरिया वहां पर मेन टारगेट है। यह मल्टीपल राउंड रहेगा।

### रनहा बीन टोली में फिर लगी आग दर्जनो घर स्वाहा

**दर्जनों मवेशी भी जलकर राख लाखो की संपत्ति राख की ढेर मे तब्दील**

**चाणक्य भूमि बेतिया ।**

दक्षिण पटजिरवा के रनहा बीन टोली मे चार दिन पहले लगी आग की राख अभी ठंडी ही नही हुई तब तक गुरूवार को फिर आग ने तीन दर्जन घरों को निगल लिया । दोपहर मे लगी आग और तेज चलती पछिया हवा पल-भर मे एक टोला को जलाकर आग ने मरघट बना दिया । रनहा बीन टोली मे लगी दूसरी बार इस आग की चपेट से तीन दर्जन से अधिक घरे पल-भर मे राख की ढेर मे बदल गयी । वही कई पशु भी जलकर मर गयी । आग लगते हो अफरा तफरी मच गयी ।दूसरी बार गुरूवार को फिर से रनहा बीन टोली धूं धूं कर जलता रहा । अचानक दोपहर मे घर से आग की लपटें उठी । लपटों को देख लोग चिल्लाने लगे । लोग अपने घरों से निकलकर बाहर सरेह मे शरण लेने लगे । जबकि आग पछिया हवाओ के थपेडों से पलभर मे विकराल रूप धारण कर लिया । क्योंकि हवा घी का काम कर रही थी । आग की तपिश इतनी अधिक थी कि लोग चाहकर भी कुछ नही कर पा रहे थे । अचानक आग लगने के कारण किसी घर से कोई समान नही निकल पाया । भीषण अगलगी को देखते हुए प्रशासन को लोगो ने सूचना दी । दो अग्निशामक दस्ता भी पहुँच गये ।परंतु उसके पहले ही तीन दर्जन से अधिक घरों को आग निगल चुकी थी । हालांकि लोगो और अग्निशामक दस्ता के प्रयास से आगे बढ रहे आग को रोकने का प्रयास किया जाने लगा । सीओ वीकेश पाण्डेय ने कहा कि सभी अग्नि पीड़ितो की सूची तैयार की जा रही है । सभी को तुरंत राहत दी जाएगी । प्लास्टिक की मुहैया तुरंत करायी जाएगी ।

# बिहार के अधिकांश जिलों में हॉट डे, 29 अप्रैल तक हीट वेव को लेकर अलर्ट

**एजेंसी, पटना।**

भीषण गर्मी से अभी लोगों को राहत नहीं मिलने वाली है। अगले 48 घंटे में 1 से 2 डिग्री तापमान में बढ़ोतरी दर्ज की जा सकती है। इसे लेकर मौसम विभाग ने लोगों को दोपहर 12 बजे से 3 बजे के बीच बाहर नहीं निकलने की सलाह दी है। प्यास नहीं लगने पर भी पानी पीने, हल्के, ढीले और सूती कपड़े पहनने की सलाह दी गई है। अगले 30 अप्रैल तक राज्य का मौसम ऐसा ही रहेगा। इसके बाद ही इसकी गतिविधि सामान्य होगी। राज्य में 24 अप्रैल से 29 अप्रैल के दौरान दक्षिणी भागों के अधिकांश स्थानों पर लू, हीट वेव और उतरी भागों के एक या दो स्थानों पर लू, हीट वेव चलने की प्रबल संभावना है। इसे लेकर मौसम विभाग ने अलर्ट जारी किया है। आज सहरसा, सुपौल, गोपालगंज, सीवान, पूर्वी चंपारण, पूर्णिया, जिले के एक या दो स्थानों पर लू, हीट वेव की संभावना है। इसी तरह से कल गुरुवार को सहरसा, सुपौल,गोपालगंज,सीवान,पूर्वी चंपारण, पूर्णिया जिले के एक या दो स्थान पर लू और गर्म हवाएं चलने की संभावना है।

**48 घंटे में 2 डिग्री तक बढ़ेगा पारा**



**सबसे गर्म रहा शेखपुराः** पटना समेत 23 जिलों का अधिकतम तापमान 40 डिग्री के पार रहा। सबसे ज्यादा गर्म शेखपुरा रहा। यहां का तापमान 42.8 डिग्री दर्ज किया गया। पटना का अधिकतम तापमान 40.7 डिग्री दर्ज किया गया। भागलपुर का अधिकतम तापमान 40.6, बांका का अधिकतम तापमान 42 डिग्री, किशनगंज का 38 डिग्री, कटिहार का 39.6 डिग्री, मुजफ्फरपुर का 39 डिग्री, गया का 40.8 डिग्री दर्ज किया गया।

# सिकटा में दो नाबालिग लड़कियों को किया गया रेस्क्यू

चाणक्य भूमि सिकटा

आर्केष्ट्रा में की गयी छापामारी में दो नाबालिग लड़कियों को मुक्त कराया गया और तीन संचालक गिरफ्तार हुए। गुप्त सूचना पर एनसीपीसीआर नई दिल्ली के निर्देश पर मानव तस्करी रोधी इकाई क्षेत्रक मुख्यालय एसएसबी बेतिया कार्यालय 47वीं वाहिनी सशस्त्र सीमा बल रक्सौल, सिकटा थाना पुलिस, बैरिया थाना पुलिस, साइबर थाना पुलिस बेतिया, मिशन मुक्ति फाउंडेशन(दिल्ली), बाल कल्याण समिति (बेतिया), रेस्क्यू एंड रिलीफ फाउंडेशन(प. बंगाल), प्रयास जुबेनाइल एड सेंटर(बेतिया), बाल चाइल्ड हेल्प लाइन(बेतिया) के सहयोग में पश्चीमी चंपारण (बिहार) में कई स्थानों पर सयुंक्त छापा मारी की गयी। और नाबालिग लड़कियों के अधिकारों को देखते हुये, पश्चिमी चंपारण में कुछ स्थानों पर अवैध आर्केष्ट्रा पर एक अभियान चलाया गया। राष्ट्रीय बाल अधिकार संरक्षण आयोग (एनसीपीसीआर), नयी

- आर्केष्ट्रा संचालक गिरफ्तार

दिल्ली, भारत के अध्यक्ष प्रियांक कानूनगो प्रियांक कानूनगो अवैध आर्केष्ट्रा के प्रति बहुत गंभीर है। 47 वीं वाहिनी रक्सौल के मनोज कुमार शर्मा ने सयुंक्त छापामारी के पश्चात कहा कि बिहार के आर्केष्ट्रा का काला सच किसी से छुपा नहीं हैं अर्केष्ट्रा में अधिकतर कम उम्र की लड़कियों की मांग रहती है।नाबालिग लड़कियों को आर्केष्ट्रा तक लाने के लिए बहुत सारे तरीके अपनाये जाते हैं उन्हें और उनके परिवारों को एक रात डांस करने के पचास हजार एक लाख रुपए कमाने का और फ़िल्मी एक्टर की तरह प्रसिद्ध होने का झांसा दिया जाता है। फिर जब नाबालिग लड़की अर्केष्ट्रा में आ जाती है तो उसके साथ ऐसा हो जाता है कि वो किसी से कह नहीं पाती और उसी नरक भरे अर्केष्ट्रा को अपना जीवन समझ लेती हैं।इन अर्केष्ट्रा मे नाबालिग लड़कियों और बालिग़ के साथ जो अपराध अधिकतर पाए जाते हैं।- हर वर्ष बहुत सी मासूम लड़कियों की हत्त्या हो जाती है, नाबालिग और बालिग लड़कियों का यौन शोषण, शारीरिक शोषण, श्रम शोषण, बिना ब्याही माँ बन जाती हैं, संचालक की रखैल बन कर रहती हैं, बहुत से कार्यक्रम में इनसे बहुत अश्लिल डांस करवाये जाते हैं, नाबालिग लड़कियों को गलत तरीके से छुआ जाता है। यदि कोई लड़की हिम्मत कर के भागने की कोशिश करती भी है तो उसको इतना मारा पीटा जाता है कि फिर कोई हिम्मत नहीं दिखा पाती. इस प्रकार के अति गम्भीर अपराधों को देख कर "मिशन निर्भयाः" जैसा अभियान "सशस्त्र सीमा बल" (एसएसबी) द्वारा किया जाता रहा है। सिकटा पुलिस थाना के प्रभारी राज रोशन ने जानकारी दीउन्होंने बताया कि सिकटा थाना क्षेत्र के शिकारपुर गाँव में संचालित पिंकी आर्केस्ट्रा म्यूजिकल ग्रुप से दो नाबालिग लड़कियों को आर्केस्ट्रा से मुक्त कराया गया। इसमें एक लड़की जलपाईगुड़ी रहने वाली थी और दूसरी दिल्ली की रहने वाली थी और एक आर्केस्ट्रा मालिक को गिरफ्तार किया गया। बैरिया पुलिस थाना के प्रभारी ने जानकारी दी कि मलाही चौक के निकट में संचालित बरसा आर्केस्ट्रा से दो बंगाल की रहने वाली नाबालिग लड़कियों को आर्केस्ट्रा से मुक्त कराया गया और दो आर्केस्ट्रा व्यक्तियों को सम्पर्क में लिया गया।इस सफल रेस्क्यू टीम में इंस्पेक्टर मनोज कुमार शर्मा, उप सहायक निरीक्षक अनिल कुमार शर्मा, हवलदार अरविंद द्विवेदी, कांस्टेबल पम्मी मिश्रा, प्रभारी राज रोशन(सिकटा थाना पुलिस), प्रभारी मुकेश कुमार(बैरिया थाना पुलिस), इंस्पेक्टर धर्मेंद्र कुमार(साइबर थाना बेतिया), डाइरेक्टर वीरेंद्र कुमार सिंह मिशन मुक्ति फाउंडेशन(दिल्ली) व् दिलीप कुमार, चितरंजन गिरी (बाल कल्याण समिति,बेतिया) अक्षय पांडे रेस्क्यू फाउंडेशन(दिल्ली) प्रयास जुबेनाइल एड सेंटर(बेतिया) से पवन कुमार अमित कुमार, अनुप्रिया विलियम, आलोक कुमार (बाल चाइल्ड हेल्प लाइन, बेतिया)की उल्लेखनीय भूमिका रही।

## रघुनाथपुर में दबंग बाइक चालक युवको ने कार चालक पर किया जानलेवा हमला



चाण्क्य भूमि(कनकलता)

- कार चालक बुरी तरह घायल,कान पर लगे सात टांके
- 112 नम्बर की पुलिस ने मामले में एक हमलावर को किया गिरफ्तार

**बेतिया**।गुरुवार को रघुनाथपुर मुहल्ले के बालगंगा कॉलोनी के रास्ते मे बाइक सवार युवकों ने कार चालक राज श्रीवास्तव(26)वर्ष पर जानलेवा हमला किया।बीच रास्ते मे बाइक खड़ी कर बावेला मचाया और बिरोध करने पर घातक हथियार से उनपर हमला किया।कनपटी पर हुई किसी धारदार हथियार से हमले में उनकी सिर और कान बुरी तरह घायल हो गया।राहगीरों ने 112 पर कॉल किया।112 नंबर की पुलिस ने घायल राज श्रीवास्तव को मोतिहारी सदर अस्पताल ले गयी।यहां राज वर्मा के कान पर सात टांके लगे।फिलहाल राज वर्मा खतरा से बाहर बताये गये है।मामले में पुलिस ने हमलावर युवक रामेश्वर कुमार उर्फ ननकी सहनी को हिरासत में लिया है।यह युवक बेलबनवा मोतिहारी का रहनेवाला है,जिसके पिता का नाम संतु सहनी बताया गया है।बताया गया है कि राज श्रीवास्तव बलुआ टाल मुहल्ले के रहनेवाले है।जो दिल्ली में एक निजी बैंक में सेल्स मैनेजर है।दो दिन पूर्व ही वे दिल्ली से अपने मोतिहारी आवास पर आए है।वे रघुनाथ पुर अपने प्लाट पर जा रहे थे तभी बालगंगा रोड में युवको ने इस घटना को अंजाम दिया।पुलिस तफसीस जारी है।












# विश्व मलेरिया दिवस पर स्वास्थ्य कर्मियों ने निकाली जागरूकता रैली

**स्कूल के बच्चों, जीविका दीदियो, आमजनों को दिए गए स्वच्छता का संदेश, रात्रि में मछड़दानी का प्रयोग आवश्यक है साथ ही सभी पीएचसी में मलेरिया की जांच व इलाज की सुविधाएं उपलब्ध है**

चाणक्य भूमि बेतिया



विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से जिले के बेतिया, मझौलिया, समेत कई स्वास्थ्य केन्द्रों पर आशा कार्यकर्त्ताओं, व स्वास्थ्य कर्मियों के द्वारा बैनर के साथ नारा लगाते हुए जागरूकता रैली निकाली गईं।वहीं शिक्षा विभाग, पीसीआई संस्था के सहयोग से स्कूल के बच्चों को मलेरिया से बचाव हेतु जागरूक किया गया साथ ही शपथ दिलायी गयी है कि वे अपने परिवार के सदस्यों के साथ और आस- पास के लोगों को भी इस बिमारी से बचाव हेतु लोगों को जागरूक करें,, और मलेरिया के लक्षण दिखाई देने पे तुरंत नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाके दिखाएं। जीविका के बैरिया ब्लॉक के बीपीएम पंकज कुमार,संतोष कुमार,- रामावती देवी लौरिया ब्लॉक के बीपीएम ललन कुमार के सहयोग से जीविका दीदियों को मलेरिया से बचाव हेतु जागरूक किया गया, पीसीआई के डीसी बिपिन कुमार,भीबीडीएस अरुण कुमार एवं सुजीत कुमार ने बताया कि कम्युनिटी में लोगों को मलेरिया के लक्षण व उससे बचाव हेतु लोगों को जागरूक किया गया।कार्यक्रम में संजय कुमार द्विवेदी ने भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जिले के डीभीडीसीओ डॉ हरेंद्र कुमार ने बताया कि मलेरिया भी एक जानलेवा बीमारी है यह मादा एनोफिलिज मच्छर के काटने से होता है। इसमें तेज बुखार, थकान, सिर दर्द, पेट में दर्द, चक्कर आना, बेहोशी आना, एनीमिया, मांसपेशियों के दर्द, उल्टियां होने जैसे लक्षण दिखाई देते हैं।उन्होंने बताया कि जिले के सभी पीएचसी में मलेरिया की जांच व इलाज की सुविधाएं उपलब्ध है। इससे घबराने की जरूरत नहीं है। भीबीडीएस सुजीत कुमार, अरुण कुमार ने बताया कि घरों, खुले स्थानों इत्यादि के आसपास गंदगी होने के कारण वहां मच्छर पनपते हैं। इसके बाद वह इंसानों को काटकर उन्हें मलेरिया से संक्रमित कर देते हैं। इसलिए मलेरिया से बचाव के लिए आवश्यक है कि अपने घर के पास साफ सफाई रखें व मच्छर पनपने वाले स्त्रोतों को नष्ट करें। मच्छरदानी और मच्छररोधी क्रीम का इस्तेमाल करें व पूरी बांह के कपड़े पहनें।






## अहवरशेख पोखरा चौक पर हाइवा की ठोकर से बृद्ध की मौत



चाण्क्य भूमि नानोसती

- हाइवा चालक फरार
- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजा

अहवर कुड़िया पंचयात के आलमगंज पोखरा चौक पर हाइवा की चपेट में आने से गुरुवार की सुबह 65 वर्षीय किशुन महतो की घटनास्थल पर मौत हो गयी।घटना के बाद हाइवा चालक गाड़ी छोड़कर फरार हो गया।सूचना पर पहुंची मझौलिया पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम में भेजा।इधर घटना स्थल पट लोगों की भीड़ उमड़ी।मृतक की पहचान रामनगर बनकट के वार्ड 2 निवासी किशुन महतो (65)वर्ष के रूप में की गयी है।मृत बृद्ध रिटेलर सब्जी विक्रेता था।इंस्पेक्टर सह थानाध्यक्ष अखिलेश कुमार मिश्र ने बताया कि किशुन महतो होलसेल बाजार तिवारी मार्किट से बेचने के लिए सब्जी खरीदने सायकिल से जा रहा था।हाइवा भी उसी दिशा में नानोसती की ओर से जगदीशपुर जा रहा था।सायकिल चालक से साइड लेने के क्रम में आलमगंज पोखरा चौक के पास हाइवा के पिछले पहिया से कुचल गया।साइकिल चालक की पैर की हड्डी टूट गयी।

## अमवा मन से महिला का शव बरामद

- पुलिस ने शव को पोस्टमार्टम में भेजा

चाण्क्य भूमि

**बेतिया**।पुलिस ने गुरुवार को अमवा मन से एक महिला का शव बरामद किया है।जानकारी एसएचओ अखिलेश कुमार मिश्र ने दी।उन्होंने बताया कि मृत महिला की शिनाख्त कृष्णा देवी (68)वर्ष के रूप में की गई है।पुलिस ने अमवा मन के पानी से निकालकर पोस्टमार्टम के लिये बेतिया जीएमसीएच भेजा है।मृत महिला बखरिया निवासी दीप नारायण सिंह की पत्नी है।मृत महिला के पुत्र मनीष कुमार ने बताया कि वह विक्षिप्त थी।बराबर निगरानी में रखी जाती थी। अहले सुबह गुरुबार को चुपके से घर से बाहर निकल गयी।अमवा मन से शव बरामद किया गया। पुलिस ने मामले में यूडी केस दर्ज किया है।

## मैनाटांड में 23 हजार रुपये की छिनतई,एफआईआर

- बाइक सवार युवकों ने घटना को दिया अंजाम

चाण्क्य भूमि मैनाटाड़

**मैनाटाड़**।प्रखंड मुख्यालय स्थित एसबीआई बैंक से रूपये निकाल घर जा रहे साइकिल सवार से बाइक सवारों ने रूपये छीनकर भाग गये।घटना बस्ठा मैनाटाड़ मुख्य पथ में हाई स्कूल के पास की है। मामले को लेकर मैनाटाड़ थाना में केस दर्ज किया गया है। थानाध्यक्ष मंटू कुमार ने बताया कि मामले की छानबीन की जा रही है। सीसीटीवी फुटेज खंगाला जा रहा है।जल्द ही मामले का उद्भेदन कर लिया जायेगा। पीड़ित धोबनी गांव निवासी जितेंद्र साह ने पुलिस को बताया है कि बैंक से 23 हजार रूपये निकाल घर जा रहा था।तभी हाई स्कूल के पास एक बाइक पर बैठे दो युवक आये और डरा धमका कर बैंक से निकाले 23 हजार रुपये छिनकर भाग गये। उल्लेखनीय है कि पीड़ित जितेंद्र साह के बेटी की शादी शुक्रवार को है।

## पुरुषोत्तमपुर में नेपाली शराब समेत बाइक व धंधेबाज गिरफ्तार




चाणक्य भूमि

**मैनाटांड़**।पुरुषोत्तमपुर पुलिस ने गुरुवार को 373 बोतल नेपाली कस्तूरी और बाईक के साथ टीहुकी बोर्डर कैनाल से एक धंधेबाज को गिरफ्तार किया। थानाध्यक्ष संजीव कुमार ने बताया की टिंहुकी बोर्डर से घोड़ासन कैनाल के समीप शराब के साथ गुप्त सूचना पर एक शराब धंधेबाज को गिरफ्तार किया गया । गिरफ्तार व्यक्ति की पहचान मंटू कुमार (20 )वर्ष पिता राघव प्रसाद यादव साकिन झल्महिया जिला परसा नेपाल के रूप में की गई है । मेडिकल जांच के बाद अभियुक्त को जेल भेजा गया।










# मलेरिया की रोकथाम के लिये निकाली रैली

चाण्क्य भूमि मझौलिया



- सीएचसी प्रभारी ने कारण व निवारण पर डाला प्रकाश

गुरुवार को सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र मझौलिया में विश्व मलेरिया दिवस के अवसर पर जागरूकता कार्यक्रम रैली का आयोजन किया गया। जिसमे आशा कार्यकर्ताओ की भागीदारी रही।मौके परप्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी डॉओमप्रकाश ने मलेरिया की बीमारी पर प्रकाश डाला तथा बचाव के उपाय बताये।उन्होंने कहा कि मलेरिया से बचाव का सबसे अधिक इलाज मच्छरों के कटाव से बचाव करना है।उन्होंने इस अवसर पर एक नारा लगाया -पानी पीओ छान के ,मच्छड़दानी लगाओ तान के ।इस अवसर पर आशा को मलेरिया एवं मच्छरों से होने वाले अन्य बीमारियों के बारे में विस्तार से प्रशिक्षण दिया गया और इन्हें निर्देश दिया गया कि गांव में और अपने पोषक क्षेत्र में यह लोगों को मलेरिया एवं मच्छर से होने वाले बीमारियों के बारे में जागरूक करें, साथ ही अगर बीमार होते हैं तो अपने नजदीकी स्वास्थ्य केंद्र पर जाकर अपना जांच एवं इलाज अवश्य करावे। आशा के द्वारा आम जन को मलेरिया के विषय में जागरूक किया गया। गांव में साफ सफाई अथवा जल जमाव वाले जगह पर समय-समय पर कीटनाशक दवा के छिड़काव करवाने के लिए रूप1 रेखा तैयार की गयी।रैली का नेतृत्व प्रभारी चिकित्सा पदाधिकारी समेत सामुदायिक स्वास्थ्य उत्प्रेरक राजेश कुमार ने किया। इस अवसर पर डॉक्टर रितु, प्रखंड लेखापाल राहुल झा,जितेंद्र कुमार शिवशान्त कुमार ,विनय तिवारी के साथ सीएचओ पूनम कुमारी,एएनएम कुमारी सुदामा सिंह,फेसिलेटर शायदा खानम,कार्यकर्ता कांति देवी,पूनम कुमारी,खोदयाजा खातून,कनक कुमारी,ममता कुमारी,जुबैदाखातून कलिमा खातून आदि का रैली में उल्लेखनीय योगदान रहा।









स्वत्वाधिकारी, मुद्रक, प्रकाशक, सम्पादक अजीत कुमार सिन्हा उर्फ अजीत कुमार द्वारा शिखा प्रिंटिंग प्रेस वास्ते अनिशा डिजिटल प्रिंटर्स द्वारा मुद्रित एवं प्रकाशित ।
किसी भी वाद-विवाद का निपटारा न्यायिक क्षेत्र बेतिया में होगा । सम्पादकिय कार्यालय : नया बाजार, बेतिया, प0 चम्पारण-845438, कार्यकारी सम्पादक : मनिष कुमार, मो0-9472494714